CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:52 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:55 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 63 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 23 अगस्त 2024

टॉप 5 में एंट्री करने वाली...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### घर के बाहर खड़ी मारुति चुराई

**हल्द्वानी।** अज्ञात वाहन चोर ने घर के बाहर खड़ी मारूति कार पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने वाहन बरामदगी के लिए पुलिस में गुहार लगाई है। गणपति विहार गौजाजाली निवासी सुल्तान परवेज पुत्र स्व. मुनव्वर अली ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने अपनी मारुति 20 अगस्त की रात को अपने घर के बाहर खड़ी की थी। अगली सुबह उसकी कार घर के बाहर से गायब थी। पीड़ित ने कार बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस वाहन चोरों की तलाश में जुट गई है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही वाहन चोर को पकड़ लिया जाएगा।

### बिना बताए घर से लापता हुई किशोरी

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड कत्था फैक्ट्री से एक किशोरी घर से बिना बताए लापता हो गई है। परिजनों ने पुलिस में उसकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी है। कत्था फैक्ट्री देवलचौड़ निवासी संजना पुत्री रूप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी 16 साल की बहन उसके साथ रहती है। 18 अगस्त की शाम को उसकी बहन बिना बताए घर से कहीं चली गई। उसकी हर जगह ढूंढ खोज भी गई लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने किशोरी गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### घोड़ा दौड़ाने पर पांच के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल।** नैनीताल में सड़क में घोड़ा दौड़ाने पर पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई के बाद फिर एक वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में एक महिला पर्यटक बीच सड़क में घोड़ा दौड़ा रही है, जिसकी निंदा करते हुए लोगों ने पुलिस से करवाई की मांग की है। बतादें कि बीते दिनों सोशल मीडिया में पांच छह युवकों का बीच सड़क में घोड़ों की रेस लगाने का वीडियो वायरल हुआ था।

# हल्द्वानी में मंगलपड़ाव से रोडवेज स्टेशन तक अतिक्रमण हटाने के लिए 10 दिन का समय दिया

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

सड़क चौड़ीकरण के मद्देनजर मंगलपड़ाव से रोडवेज स्टेशन तक अतिक्रमण हटाने के मामले में प्रशासन की ओर से दुकानदारों को 10 दिन का समय दिया जाएगा। निगम सूत्रों के अनुसार कोर्ट के आदेश पर यह निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि हल्द्वानी में सड़क चौड़ीकरण के मद्देनजर मंगलपड़ाव से रोडवेज स्टेशन तक 101 दुकानें अतिक्रमण की जद में आ रही हैं। इसके लिए बीती 21 अगस्त को लोनिवि व नगर निगम प्रशासन की ओर से दुकानदारों को




दो दिन का समय देते हुए स्वयं अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया गया था। नोटिस में 22 व 23 अगस्त का समय देते हुए दुकानदारों से स्वयं अतिक्रमण हटाने को कहा गया था। यह भी कहा था कि यदि प्रशासन इस अतिक्रमण को हटाता है तो इसका खर्च दुकानदारों से ही वसूला जाएगा। इधर इसका विरोध में व्यापारियों ने नगर निगम परिसर में प्रदर्शन कर कार्यवाही का विरोध किया था।

वहीं शुक्रवार को निगम प्रशासन ने पूर्व में जारी आदेश को स्थगित कर अब दुकानदारों को 10 दिन का समय देने का निर्णय लिया है। निगम सूत्रों के अनुसार कोर्ट के आदेश पर दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए 10 दिन का समय दिया जा रहा है।

**निर्णय**
- नगर निगम प्रशासन ने पूर्व के आदेश को किया निरस्त

रिपोर्ट के मुताबिक बस में 40 यात्री थे सवार

# नेपाल में भारत की नंबर प्लेट की बस नदी में गिरी, 14 की मौत

**नई दिल्ली/काठमांडू**
एजेंसी

मध्य नेपाल में शुक्रवार को एक भारतीय यात्री बस के मर्सियांगडी नदी में गिर जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। इस बीच उत्तर प्रदेश राहत आयुक्त ने कहा कि नेपाल की घटना के संबंध में हम यह पता लगाने के लिए संपर्क स्थापित कर रहे हैं कि क्या बस में उत्तर प्रदेश का कोई व्यक्ति था। घटना के बारे में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

मध्य नेपाल में शुक्रवार को एक भारतीय यात्री बस के मर्सियांगडी नदी में गिर जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, बस में 40 यात्री सवार थे। दुर्घटना तनहुन जिले के आइना पहाड़ा में हुई। सशस्त्र पुलिस बल नेपाल आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण विद्यालय के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) माधव पौडेल के नेतृत्व में 45 कर्मियों की एक टीम



दुर्घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। बचाव अभियान शुरू किया जा चुका है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, लगभग 14 शव बरामद किए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक, गोरखपुर से यात्रियों को लेकर नेपाल गई एक भारतीय बस शुक्रवार को हादसे का शिकार हो गई। बस पोखरा से काठमांडू जा रही थी। तनहुन के एसपी बीरेंद्र शाही ने हादसे की जानकारी दी है। स्थानीय पुलिस कार्यालय के निरीक्षक अबू खैरेनी मौके पर मौजूद हैं। सेना और सशस्त्र बलों को सूचित कर दिया गया है। बस का नंबर यूपी 53 एफटी 7623 बताया जा रहा है। आगे की जानकारी का इंतजार है।

# ट्रक ने दो बार मारी कार को टक्कर, बाल-बाल बचे

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

शहर में सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। शुक्रवार की सुबह नैनीताल हाईवे पर एक बड़ा हादसा होते होते बचा। ट्रक ने कार को जबरदस्त टक्कर मारी। इससे कार में सवार लोग बाल बाल बच गए। हालांकि कार में सवार लोगों के हल्की चोटें आई। इस दौरान यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच दोनों वाहनों को जब्त कर यातायात सुचारू कराया। शुक्रवार की सुबह नैनीताल हाईवे विशाल मेगा मार्ट के पास हल्द्वानी की ओर से आ रहा ट्रक ने आगे जा रही कार में जोरदार टक्कर मार दी। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग बाल बाल बच गए। यातायात भी बाधित हो गया। वाहनों की लंबी लंबी लाइनें लग गई। मौके पर लोगों का भी जमावाडा लग गया। बताया जा रहा है कि कार में सवार लोगों के हल्की चोटें आई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर यातायात सुचारू कराया। कार सवार हल्द्वानी से दिल्ली जा रहे। बता दें कि 48 घंटे पहले नैनीताल मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में गर्भवती समेत चार लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। आज भी इसकी पुनरावृत्ति होते बच गई। लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को लेकर लोगों में रोष पनप रहा है। उधर सड़क हादसे की सूचना मिलने पर समाजसेवी सुशील गाबा भी पहुंचे।

### दवाई लेने आए व्यक्ति की गिरकर मौत

रुद्रपुर। जिला अस्पताल में दवाई लेने आए व्यक्ति ओपीडी में नंबर आने का इंतजार कर रहा। तभी वह गिर गया और मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक गुरूवार की दोपहर को करीब 42 वर्षीय एक व्यक्ति जिला अस्पताल में दवाई लेने आया था। बताया जा रहा है कि वह ओपीडी में नंबर आने का इंतजार करने लगा। तभी अचानक व्यक्ति कुर्सी से नीचे गिर गया। वहां मौजूद लोगों के मुताबिक उसके मुंह से झाग निकल रहे थे। आनन फानन में उसे इमरजेंसी कक्ष ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

# पार्किंग के कर्मी को घसीट कर ले गए डंडों से पीटा, 10 के खिलाफ मुकदमा

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

थाना पंतनगर की चौकी सिडकुल क्षेत्र जिला न्यायालय की पार्किंग के कर्मी को घसीट कर गेट के बाहर ले जाकर बेहरमी से पीटने के मामले में पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

विशणु सागर पुत्र अशोक सागर निवासी ठाकुर नगर थाना ट्रांजिट कैंप ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा कि वह जिला न्यायालय रूद्रपुर में अपने निजी कार्य जिला न्यायालय में हिमांशु कश्यप के साथ 21 अगस्त 24 को शाम लगभग 6 बजे जा रहा। आरोप है कि तभी विक्की, सोनकर, आशीष सरकार, देव सागर, आकाश, गंगवार, अंजन दास, संजय राजपूत, सिक्का राजपूत, आकाश दत्ता आदि पार्किंग में आए और उसके मित्र हिमांशु कश्यप पुत्र बाबू राम को गेट पर मारते हुए ले गये गेट बाहर पहुंचते ही उक्त लोगों ने मित्र को लात घुसों डंडों, लाहे की राड से जीमन पर गिराकर बुरी तरह से मारा पीटा। सिक्का राजपूत के हाथ में दाव था। आशीष सरकार ने मित्र के सिर पर जान लेवा हमला कर दिया। कोर्ट में आये लोगो ने बड़ी मुश्किल से बचाया। मैने अपने मित्र हिमांश कश्यप को उक्त लोगों से बचाया। बताया कि उसके साथ भी मारपीट पर उतारू हो गयें। बाद में जान से मारने व देख लेने की धमकी देकर चले गए। मित्र हिमांश कश्यप को जिला चिकित्सायय में भर्ती कराया। हालत को गम्भीर देखते हुए सुशीला तिवारी हल्द्वानी रेफर कर दिया। चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल हमलावर पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

# सात लाख लेकर छोड़े तस्कर, एसपी की छापेमारी पर दीवार फांदकर भागा इंस्पेक्टर

**बरेली**
एजेंसी

बरेली में रिश्वतखोरी का बड़ा मामला सामने आया है। फरीदपुर के थाना प्रभारी ने सात लाख रुपये रिश्वत लेकर दो स्मैक तस्करों को छोड़ दिया। किसी ने इसकी शिकायत एसएसपी से की। एसएसपी के निर्देश पर एसपी और सीओ ने थाने में छापा मारा तो इंस्पेक्टर दीवार फांदकर भाग गया।

बरेली के फरीदपुर थाना प्रभारी रामसेवक ने तीन स्मैक तस्कर पकड़ने के बाद उनमें से दो को सात लाख रुपये लेकर छोड़ दिया। तीसरे के थाने में बंद रहने के दौरान उसके करीबियों की आवाजाही से मामला चर्चा में आ गया। इसकी खबर एसएसपी अनुराग आर्य तक पहुंची तो उन्होंने बृहस्पतिवार सुबह-सुबह एसपी दक्षिणी और सीओ को जांच करने थाने भेजा। छापा पड़ते ही इंस्पेक्टर दीवार फांदकर एक दलाल के साथ



भाग निकला। तलाशी के दौरान उसके आवास से 9.96 लाख रुपये बरामद किए गए। इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया गया है। रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है। फरीदपुर पुलिस ने बुधवार रात गांव नवदिया अशोक निवासी आलम व नियाज अहमद सहित तीन लोगों को स्मैक तस्करी के आरोप में पकड़ा था। उनके पकड़े ही गिरोह सरगना व अन्य साथी सक्रिय हो गए।

उन्होंने रात में ही इंस्पेक्टर रामसेवक से उन्हें छोड़ने की बात की। दो लोगों को छोड़ने का सौदा सात लाख रुपये में तय हुआ। तीसरा व्यक्ति रुपये नहीं दे पाया तो उसे इंस्पेक्टर ने नहीं छोड़ा। सात लाख रुपये लेने के बाद आलम और नियाज को रात में ही छोड़ दिया। सूत्रों के मुताबिक इंस्पेक्टर की कारस्तानी की जानकारी थाने के ही किसी कर्मचारी ने एसएसपी अनुराग आर्य को दे दी। उन्होंने बृहस्पतिवार सुबह पहले सीओ गौरव सिंह और फिर एसपी दक्षिणी मानुष पारीक को थाने भेजा। इंस्पेक्टर के कार्यालय पर अधिकारी अपनी टीम के साथ तलाशी लेने लगे तो वह मौका पाकर एक दलाल के साथ थाने से फरार हो गया।

एसपी दक्षिणी ने इंस्पेक्टर कार्यालय के ठीक पीछे बने आवास की तलाशी ली। यहां एक जगह सात लाख तो दूसरी जगह से करीब 2.96 लाख रुपये बरामद किए गए।

सीओ ने भ्रष्टाचार संबंधी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताते हैं कि इंस्पेक्टर सरकारी मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गया।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि शिकायत पर तलाशी ली गई तो फरीदपुर इंस्पेक्टर के कमरे से करीब 9,96,000 रुपये बरामद किए गए हैं। इंस्पेक्टर की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई है। इसके अलावा भी इस घटनाक्रम में थाने के किसी कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध मिली तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# 14वीं पुण्य तिथि पर जनकवि गिर्दा को किया याद

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

देवभूमि उत्तराखंड के जनकवि रहे गिरीश तिवारी गिर्दा की 14वीं पुण्य तिथि पर गुरुवार को नैनीताल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। गिर्दा स्मृति मंच ने गिरीश तिवारी गिर्दा की याद में 14वां गिर्दा स्मृति समारोह आयोजित किया।

जिसके तहत सुबह नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की प्रार्थना सभा में गिर्दा के जनगीतों द्वारा उन्हें याद किया गया। उसके बाद इस साल जुलूस की शुरुआत कोलकाता, दिल्ली और उत्तराखंड में हुए बलात्कार और हत्याओं के प्रति विरोध व्यक्त करते हुए हुई सायं 4.30 बजे के बाद क्रांति चौक तल्लीताल से हुई। जुलूस में गिर्दा और अन्य कवियों द्वारा रचित जनगीत गाते हुए जुलूस मल्लीताल तक गया। जुलूस में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के बच्चों की विशेष भूमिका रही जिन्होंने लोक नृत्य छोलिया के साथ जुलूस में हिस्सेदारी की।




इसके बाद सीआरएसटी इंटर कॉलेज में समसामयिक विषयों पर संबोधन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का संचालन नीरज पांगती द्वारा किया गया। कार्यक्रम को प्रारम्भ करते हुए कुमाऊँ विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य कैलाश जोशी ने हेम मिश्रा का परिचय देते हुए समसामयिक विषयों पर चर्चा के लिए उन्हें आमंत्रित किया। अंतिम प्रस्तुति नाटक श्राजा के सींग के रूप में गिर्दा स्मृति मंच द्वारा की गई। इस नाटक का प्रथम निर्देशन 1990 में स्वयं गिर्दा द्वारा किया गया था। नाटक में राजेश आर्या, हरीश राणा, तुहीनांशु तिवारी, पंकज भट्ट, भारती जोशी, पवन कुमार, दिनेश उपाध्याय, प्रकृति सिंह, हिमानी बिष्ट,अभय बडोला, नवीन बेगाना, संजय कुमार तबला वादक भूमिका बडोला और जावेद हुसैन की विशेष भूमिका रही। समापन उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के अध्यक्ष पी. सी. तिवारी ने किया। बता दें कि कार्यक्रम हेमलता तिवारी और गिर्दा स्मृति मंच के द्वारा आयोजित किया गया था। इस दौरान जसी राम आर्या, पद्मश्री डा. शेखर पाठक समेत डा. उमा भट्ट, मंजूर हुसैन, कमल जोशी, पुनीत सम्राट, मदन मेहरा, मिथिकेश पाण्डे, राजा साह, चंपा उपाध्याय, माया चिलवाल, पृथ्वीराज सिंह, हर्ष, भावना पाण्डे, दीपक पाण्डे, किरण आर्या, दीपक सचदेव, मानसी रावत, बिशन सिंह मेहता, पान बोहरा तथा रेनू आदि मौजूद थे।




दूसरी ओर अपने जन गीतों से आंदोलनों को धार देने वाले जन सरोकारों को समर्पित क्रांतिकारी जन कवि गिर्दा की 14वीं पुण्य तिथि पर युगमंच की टीम द्वारा विभिन्न संगठनों के साथ उनके जनगीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। युगमंच के कलाकारों के रूप में सचिव मनोज कुमार, संरक्षक डी के शर्मा, उप सचिव हिमांशु पांडे, अनिल कुमार, अदिति खुराना, तबले में संजय कुमार, अमन महाजन, कोरस में रिचा सनवाल, संगीता बिष्ट, भूमिका, मोनिका, पूजा, रोहित, काव्यांश कुमार, प्रियांशु तथा रवि सहित आयोजन को सफल बनाने में भास्कर बिष्ट, राजेन्द्र लाल साह, दीपक सहदेव तथा रफ त आलम आदि द्वारा योगदान दिया गया। संचालन राज्य कवि हेमंत बिष्ट व हरीश राणा द्वारा किया गया। इस दौरान गिर्दा की धर्मपत्नी हेमलता तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ी शहर की तमाम हस्तियों ने कार्यक्रम में अपनी प्रतिभागी कर गिर्दा को याद किया।

भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में गिर्दा की पुण्यतिथि के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की हिन्दी अध्यापिका डॉ0 नीलम जोशी द्वारा उनके जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया और विद्यालय की छात्राओं द्वारा उनकी प्रसिद्ध कविता उत्तराखण्ड मेरी मातृभूमि को गीत के रूप में प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के छात्र अमन त्रिपाठी व अर्पित पाण्डे के द्वारा उनकी कविताओं का काव्यपाठ किया गया जिसमें बताया गया कि आज भी गिर्दा की कवितायें कुमाऊंनी संस्कृति को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती हैं। इस अवसर पर नैनीताल समाचार से दिनेश उपाध्याय व पंकज के अलावा विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य प्रवीण सती, चन्द्र प्रकाश, आलोक भट्ट, संगीत शिक्षिका नेहा,उत्कर्ष बोरा,आलोक साह आदि उपस्थित रहे।



## राइंकॉ बगड़ में विधिक जगरुकता शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधी अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी द्वारा गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज बगड़ मे विधिक जगरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र /छात्राओ को जागरूकता अभियान के तहत साइबर अपराध,एआई टूल्स, लिंक्स ,ओटीपी से हो रहे साइबर अपराध की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा अपराध से बचने के लिए बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के संबंध में जागरूक किया गया।शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकलाप, छात्रों से युवा पीढ़ी में नशे के बढ़ते मामलों व नशे से संबंधित शारीरिक एवं सामाजिक दुष्प्रभाव,संबंधित दंडात्मक प्रावधान, किशोर न्याय बोर्ड पॉश एक्ट आदि विषयों पर जागरूक किया गया।

## गाजर उन्मूलन सप्ताह का समापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कृषि विज्ञान केन्द्र ज्योलीकोट में गुरुवार को गाजर उन्मूलन सप्ताह का समापन समारोह किया गया। कार्यक्रम में ग्राम चौपड़ा, सरियाताल एवं दागढ की महिलाओं और हिमालय एकेडमी ज्योलीकोट के कक्षा 7 एवं 8 के विधार्थियों ने प्रतिभाग किया।

सप्ताह की शुरूआत में केन्द्र के प्रर्दशन प्रक्षेत्र पर वैज्ञानिकों एवं कर्मचारीयों ने गाजर घास को उखाड कर नष्ट किया। और हिमालय एकेडमी ज्योलीकोट तथा एक्सपेरीमेन्टल पब्लिक स्कूल, फत्ताबगर हल्द्वानी में विधार्थियों को गाजर घास की पहचान एवं उन्मूलन के बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। समारोह में डा. कंचन नैनवाल ने हिमालय एकेडमी ज्योलीकोट के विजय विधार्थियों को पुरस्कृत किया।

डा. सुधा जुकारिया ने प्रतिभागी महिलाओं को शोभाकारी मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया। डा. बलवान सिंह ने गाजर धास से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी। साथ ही डा. शशि तिवारी ने महिलाओं को गाजर धास पहचानने के बारे मे प्रक्षेत्र भ्रमण में जानकारी दी। इस दौरान विमल कुमार शर्मा, दीप कुमार, कमला सत्यपाल, महिपाल चन्द्र लोहनी, गोविन्दी आदि लोग उपस्थित थे।



## NEWS / फटाफट

### यूनिवर्सल स्कूल के विद्यार्थियों ने किया रक्षा जैव-ऊर्जा अनुसंधान संस्थान का शैक्षिक भ्रमण



**हल्द्वानी।** यूनिवर्सल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हल्द्वानी के कक्षा बारहवीं के विज्ञान संकाय के सभी विद्यार्थियों को रक्षा संस्थान जैव-ऊर्जा अनुसंधान संस्थान (डी.आई.बी.ई.आर.), हल्द्वानी का शैक्षिक भ्रमण किया गया। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य रक्षा अनुसंधान में नवीनतम प्रगति और रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा में इसके अनुप्रयोगों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस भ्रमण के दौरान छात्रों और शिक्षकों का संस्थान के कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया तथा उसके पश्चात एक परिचयात्मक सत्र के लिए सभागार में ले जाया गया और उन्हें अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, अनुसंधान कैंटरों और पुस्तकालयों सहित संस्थान की सुविधाओं के व्यापक दौरे पर ले जाया गया। यह डिबेर की शैक्षिक यात्रा विद्यार्थियों के लिए काफी रोचक रही, जिससे विद्यार्थी जैविक अनुसंधान और रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा में इसके महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त कर पाए। इस शैक्षिक भ्रमण में स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के अध्यापक राजेश पंत, रोहित पांडे और अध्यापिका तनुजा चुफाल भी शामिल रहे।

### विज्डम पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह



**हल्द्वानी।** विज्डम पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कक्षा नर्सरी से कक्षा 1 तक फेन्सी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा कृष्ण व राधा के चरित्र को प्रदर्शित किया गया। सीनियर बच्चों द्वारा श्रीकृष्ण के जीवन की झाँकी को मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक राजेंद्र सिंह पोखरिया द्वारा बच्चों को कृष्ण के आदर्शों से अवगत कराया। प्रधानाचार्य द्वारा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत कर मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम प्रभारी भावना बिष्ट, सुधा सिह व निर्णायक मंडली में पूजा खोलिया व तनुजा सिह का सहयोग रहा।

### युवती ने लगाया अभद्रता व मारपीट का आरोप

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती गांव की एक युवती ने उसके ही गांव के व्यक्ति पर अभद्रता व मारपीट का आरोप लगाया है। युवती ने जिले के पुलिस कप्तान को शिकायती पत्र सौंप व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सिलमोडिया निवासी कल्पना ने पुलिस कप्तान को शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि वह व उसका मजदूर बुधवार की सुबह जंगल से घास काटकर घर की ओर जा रहे थे। उस दौरान गांव के व्यक्ति ने उसके परिवार के साथ उसके मजदूर की घास फेंक दी और मारपीट शुरू कर दी। आरोप लगाया है कि उक्त लोग उनको जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। युवती ने पुलिस कप्तान को शिकायत कर लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## मोटर मार्ग मलवा आने से पिछले तीन दिनों से बंद, मार्ग खुलवाने को लेकर किया प्रदर्शन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

ज्योलीकोट नैनीताल जिला मुख्यालय के नजदीक देवीधूरा बोहरा गांव बसानी फतेहपुर मोटर मार्ग मलवा आने से पिछले तीन दिनों से बंद पड़ा है जिससे कि इन ग्राम सभाओं के कई गांवों के लोग परेशान है तो स्कूली बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है।

लेकिन विभाग के अधिकारी न ग्रामीणों की सुन रहे थे और ना ही जनप्रतिनिधियों की। आक्रोशित जनप्रतिनिधि वरिष्ठ ब्लाक प्रमुख हिमांशु पांडे, ग्राम प्रधान हरगोबिंद रावत, धर्मेंद्र सिंह, चंद्रशेखर भट्ट, अमित कुमार,भुवन चंद्र, उप प्रधान मनोज चनियाल, रामदत्त चनियाल, जीवन चंद्र सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र कोटलिया,विशाल सिंह, जीवन चंद्र,नवल चंद्र आदि लोगों ने आज गुरुवार को अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय के आगे जबरदस्त नारेबाजी करते आरोप लगाया कि विभाग, सरकार और अधिकारीयों की मार्गो को बंद होने की स्थिति में तुरंत दुरुस्त करने के आदेशों को नजरंदाज कर रहे हैं, जबकि विभाग द्वारा मानसून पूर्व ही जेसीबी के टेंडर किए है फिर भी जेसीबी गायब रहती है।लगभग एक घंटा तक धरना प्रदर्शन नारेबाजी चलती रही। इसके बाद पहुंचे अधिशाषी अभियन्ता मनोज कुमार ने जनप्रतिनिधियों से वार्ता कर मार्ग खोलने और मार्ग दुरूस्त करने का आश्वासन दिया तो धरना समाप्त कर दिया गया।

देर शाम पांच बजे मार्ग में आवाजाही शुरू हो गई। मार्ग से पेड़ और मलवा हटाकर आवागमन के योग्य बना दिया गया है।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## पेंशन भीख नहीं

*सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि जिला अदालतों से सेवानिवृत्ति के बाद कुछ न्यायिक अधिकारियों को महज 15 हजार रुपये पेंशन मिल रही है। ऐसे में अंदाजा लगा सकते हैं कि वे कैसे अपनी आजीविका चलाते होंगे। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केन्द्र सरकार को जल्द से जल्द समस्या के समाधान का निर्देश दिया। सॉलिसिटर जनरल से कहा कि न्यायमित्र के साथ बैठकर समाधान निकालें। उम्मीद है कि सुप्रीमकोर्ट के न्यायमूर्ति स्वतः संज्ञान लेते हुए निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की पेंशन के बारे में भी सरकार को निर्देश दे सकते हैं। सरकार पेंशन को भीख न समझे।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में सत्ता संभालने के बाद अनेक एतिहासिक निर्णय लिये हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जोखिम भरे फैसले लेकर दूरगामी प्रभाव वाले बदलाव किये हैं। समाज के अंतिम छोर के नागरिकों के जीवनस्तर को उठाने के लिए अनेक काम किये हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की योजनाएं फाइलों तक सीमित नहीं रही हैं, बल्कि धरातल पर उतरी हैं। उपलब्धियों की लम्बी सूची की बदौलत ही लगातार तीसरी बार मोदी सत्तारूढ़ हुए हैं, परन्तु पेंशन संबंधी महत्वपूर्ण समस्या का समाधान नहीं हो सका। सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन की मांग को लेकर वर्षों से आवाज उठा रहे हैं। निजी क्षेत्र में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से जुड़े रहे सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशन बढ़ाने को लेकर हर स्तर पर प्रयास कर चुके हैं। निजी क्षेत्र के रिटायर्ड कर्मचारी अपने खून से लिखकर राष्ट्रपति को इच्छा मृत्यु की अनुमति देने का प्रार्थना पत्र तक सौंप चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की कथनी-करनी में विरोधाभास है। वर्ष 2014 में सत्ता संभालते ही प्रधानमंत्री मोदी ने कोश्यारी समिति का गठन किया था। समिति ने न्यूनतम तीन हजार रुपये पेंशन की सिफारिश की थी। विडम्बना यह है कि सरकार ने खुद समिति का गठन किया और उसकी सिफारिश स्वीकार नहीं की। एक बार तो संसद के अंदर सफेद झूठ भी बोला। वर्ष 2013 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने निजी क्षेत्र को न्यूनतम एक हजार रुपये पेंशन का प्रस्ताव किया। चुनाव के बाद मनमोहन सिंह सत्ता में वापसी नहीं कर सके। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रस्ताव को लागू किया। मनमोहन सिंह द्वारा न्यूनतम पेंशन देने का श्रेय मोदी सरकार ने ले लिया। कोश्यारी समिति ने जब तीन हजार रुपये की सिफारिश की थी, उस समय से महंगाई कई गुना बढ़ गई है। अब कम से कम 15 हजार पेंशन होनी चाहिए। अब सुप्रीमकोर्ट ने जजों की पेंशन के संबंध में सरकार से जवाब तलब किया है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि जिला अदालतों से सेवानिवृत्ति के बाद कुछ न्यायिक अधिकारियों को महज 15 हजार रुपये पेंशन मिल रही है। ऐसे में अंदाजा लगा सकते हैं कि वे कैसे अपनी आजीविका चलाते होंगे। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केन्द्र सरकार को जल्द से जल्द समस्या के समाधान का निर्देश दिया। सॉलिसिटर जनरल से कहा कि न्यायमित्र के साथ बैठकर समाधान निकालें। उम्मीद है कि सुप्रीमकोर्ट के न्यायमूर्ति स्वतः संज्ञान लेते हुए निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की पेंशन के बारे में भी सरकार को निर्देश दे सकते हैं। सरकार पेंशन को भीख न समझे। जीवन के 30-40 साल तक किसी भी क्षेत्र में पसीना बहाकर काम करने के बाद वृद्धावस्था में पेंशन हर नागरिक का अधिकार है।

# पुलिस ने किया धमकाकर रुपयों की डिमांड करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

थाना पंतनगर पुलिस ने एक व्यक्ति की तहरीर पर उसके पुत्र के खिलाफ फेसबुक पर लोगों को धमकियां देकर रुपयों की डिमांड करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक पंतनगर यूनिवसिटी से रिटायर्ड 72 वर्षीय वृद्ध रामनाथ मिश्रा पुत्र स्व राजबहादुर मिश्रा ने पंतनगर पुलिस को तहरीर दी।

तहरीर में कहा कि वह ओमेक्स कालोनी में अपने छोटे पुत्र के साथ निवास कर रहा है। उसका सबसे बडा पुत्र अभिषेक मिश्रा जो कि पूर्व में कई समय से गलत सगतं में पड़ गया है व नशे की लत का आदि हो चुका है। परिवार को तंग व परेशान करता है। पिता का आरोप है कि बड़ा पुत्र अपराधिक प्रकृति के लोगों के साथ उठना बैठना है। कई बार अभिषेक को समझाने का प्रयास किया, वह मानने को तैयार नहीं है और नशे की लत व बुरी संगत को नहीं छोडा।अभिषेक पूर्व




में काफी बीमार हो गया। इसका ईलाज बडे बडे प्राईवेट अस्पताल में करवाया फिर भी इसको समझ नहीं आया।आये दिन घर में पैसो कि डिमांड करने लगा व धमकी देने लगा। उसने अपने आपराधिक मित्रों के साथ मिलकर अपनी फेसबुक आईडी अभिषेक मिश्रा उसे तरह तरह की धमकियां दे रहा है।

अन्य पुत्रों के व्यापारिक व पारिवारिक मित्रों को भी फेसबुक में लाईव पर धमका रहा है। उन्होंने बताया कि उसके अन्य दो पुत्रों को गाली गलौच व धमकिया दे रहा है व लाईव वीडियो में अपने बडे बड़े अपराधिक लोगों के नाम से उसे व उसके पारिवारिक मित्र अमित अवस्थी, राजकुमार फुटेला आदि को वीडियो के माध्यम से फर्जी आरोप लगाकर जान

**कार्रवाई**

- **पंतनगर यूनिवसिटी से रिटायर्ड व्यक्ति ने ही दी अपने पुत्र के खिलाफ पुलिस को तहरीर**

से मारने की धमकियां दे रहा है। उसके परिवार की सामाजिक छवि खराब हो रही है तथा उसके दो पुत्रों व परिवार का घर से बहार निकलना बन्द हो गया है। उससे उसे व मित्रों को जान का खतरा बना हुआ है। पुत्र पर अलग-अलग मोबाइल नंबरों से धमकियां देकर पैसों की डिमांड भी करने का आरोप लगाया। पीड़ित के मुताबिक उसने अभिषेक मिश्रा को इन्हीं कारणों के चलते पूर्व मेंपरिवार व मित्रों के समक्ष अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल भी कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी ने बताया कि अभिषेक मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभिषेक मिश्रा कहीं बाहर रहता है और वह वहीं से फेसबुक आईडी से धमकियां दे रहा है।

## किशोरी से दुष्कर्म करने के प्रयास में आरोपी के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**रुद्रपुर।** जनपद के एक थाना क्षेत्र में एक किशोरी से छेड़छाड़ और दुष्कर्म करने के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। गुरुवार को पीड़िता की मां ने एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल से मिल कर न्याय की गुहार लगाई थी। एसपी सिटी ने संबंधित थानाध्यक्ष से मामले में हीलाहवाली रवैए पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी सिटी ने बताया कि संबंधित थाना पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। एसपी सिटी ने बताया कि मामला पुलभट्टा क्षेत्र का है । आरोपी की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी कहीं भी छिपा हो पुलिस उसे ढूंढ कर सलाखों के पीछे भेजेगी। बता दें कि पीड़िता की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह जंगल गई थी। घर पर उसकी 15 वर्षीय पुत्री अकेली थी। वह घर पहुंची तो घर में युवक पुत्री से छेड़छाड़ व जबरदस्ती करने की कोशिश कर रहा। उसे देख युवक घर से भाग गया। स्थानीय पुलिस से मदद नहीं मिलने के बाद एसपी सिटी के पास पहुंची थी महिला।

## 14वीं पुण्य तिथि पर शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा

**नैनीताल।** प्रख्यात समाजसेवी,



शक्षाविद् तथा भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के संस्थापक स्व. प्रताप भैय्या की 14वीं पुण्य तिथि पर शुक्रवार (आज) सुबह 11 बजे से स्कूल के सभागार में कई कार्यक्रम होंगे।

इसके तहत समाज में उत्कृष्ट सेवा के लिए एक विशिष्ट व्यक्तित्व को प्रताप भैय्या स्मृति पुरुस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जबकि स्कूली बच्चों के मध्य क्रमशः भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसे कई शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। स्कूल के प्रबंधक ज्योति प्रकाश,प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता,आचार्य नरेंद्र देव शोध संस्थान की निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा व राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ की प्रधानाचार्या तारा बोरा ने सभी आमंत्रित जनों से समारोह में तय समय पर पहुंचने की विशेष गुजारिश की है।

# एक सितंबर से चलेगा सघन सदस्यता अभियान: बिष्ट



**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी की भारतीय सम्भाग कार्यालय हल्द्वानी में बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कल फुलदेई वेंकट हाल में जिला कार्यशाला होने जा रही है।

इस विषय पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्टने कहा की जिला कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी की एक सितंबर से सदस्यता अभियान को चलाने के लिए आयोजित की गई है। सदस्यता अभियान कैसे चलाएं संगठन के कार्यकर्ताओ का कार्यसाला में प्रषिक्षण होगा सदस्यता का टोल फ्री जारी होंगा, कार्यसाला का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और संगठन की नई रूपरेखा को तय करना आगे के कार्यक्रमों को समझना प्रत्येक जिले के मंडलों प्रतियेक बूथ तक हमें कार्यसाला द्वारा इस विषय पहुंचाना हमारे जिले की टीम की जिम्मेदारी है।

कल फुलदेई बैंकट हॉल में कार्यसाला की जा रही है जिसमें जिले के प्रत्येक पदाधिकारी को रहना अति आवश्यक है और मंडल अध्यक्ष व महामंत्री प्रदेश के सभी कार्यकर्ता व प्रदेश के पदाधिकारियों को जो हमारे जिले में निवास करते उनका कार्यसाला आना मार्गदर्शन देना अतिआवश्यक हैं , जिसमें भारतीय जनता पार्टी नैनीताल की संगठन पर्व सदस्यता के निमित्त इस कार्यक्रम को आयोजित कर रहा है। बैठक में मौजूद रहे सदस्यता अभियान सह प्रमुख विजय मनराल, सदस्यता अभियान सदस्यत प्रतिभा जोशी,जिला महामंत्री रंजन बरगली, नवीन भट्ट , लखन निगल्टिया, नितिन राणा,भुवन भट्ट, विनीत अग्रवाल ,प्रताप बोरा ,विनीत अग्रवाल, योगेश रजवार, प्रमोद बौरा, रत्नेश शाह ,अमित चौधरी, संजय पांडे ,हरिमोहन अरोड़ा विनोद तिवारी, आदि लोग मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## टॉप 5 में एंट्री करने वाली स्त्री 2 पहली महिला प्रधान फिल्म



*निर्माता दिनेश विजन और निर्देशक अमर कौशिक के बसाए मैडॉक हॉरर यूनिवर्स ने आखिरकार हिंदी सिनेमा की पहले हफ्ते में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में अपना झंडा गाड़ ही दिया। इस यूनिवर्स की ताजा फिल्म 'स्त्री 2' से उम्मीद तो यही थी कि ये फिल्म पहले हफ्ते में ही 300 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर जाएगी, लेकिन फिल्म की सफलता का क्रेडिट लेने को लेकर मची खींचतान ने इसकी ब्रांडिंग पर सीधा असर डाला है। राजकुमार राव और अभिषेक बनर्जी दोनों इस फिल्म की सफलता को अपने खाते में डालने में जुटे हैं, हालांकि फिल्म को सफल बनाने में सबसे बड़ा योगदान इसकी हीरोइन श्रद्धा कपूर के फैनबेस का रहा है। 15 अगस्त को दो दिग्गज अभिनेताओं यानी कि अक्षय कुमार की फिल्म 'खेल खेल में' और जॉन अब्राहम की फिल्म 'वेदा' के साथ रिलीज हुई फिल्म 'स्त्री 2' के सामने साउथ सिनेमा की 'डबल इस्मार्ट', 'थंगलान' और 'मिस्टर बच्चन' जैसी फिल्मों की भी चुनौती थी, लेकिन इस फिल्म ने ये साबित किया कि कहानियां अगर दर्शकों के आसपास की हों और उन्हें परदे पर चुस्त पटकथा के साथ पेश किया जाए तो अब बड़े बड़े सितारों का होना फिल्म में बहुत जरूरी नहीं रह गया है। फिल्म 'स्त्री 2' के हीरो राजकुमार राव की फिल्म 'स्त्री' के बाद से कोई फिल्म हिट नहीं हुई है और श्रद्धा कपूर की पिछली फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' का कारोबार भी बहुत शानदार नहीं माना जाता है।*

### एक रात पहले ही इसके स्पेशल शोज का ऐलान

*इन सबके बावजूद फिल्म 'स्त्री 2' को लेकर रिलीज से पहले बने बज का नतीजा ये हुआ कि फिल्म निर्माताओं ने रिलीज से एक रात पहले ही इसके स्पेशल शोज का एलान कर दिया और आनन फानन में हुए इन शोज से ही फिल्म ने रिलीज से एक दिन पहले ही करीब 8.50 करोड़ रुपये जुटा लिए। ओपनिंग के दिन फिल्म ने 51.80 करोड़ रुपये और जुटाए और फिल्म की ओपनिंग इतनी शानदार रही कि इसके सामने रिलीज बाकी सारी फिल्मों ने पहले वीकएंड में ही घुटने टेक दिए।*

# उद्यमिता विकास दिवस का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में गुरुवार को इनोवेशन एवं इनक्यूबेशन सेल द्वारा उद्यमिता विकास दिवस का आयोजन किया गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे तथा बिजनेस प्रपोजल पर पैनल चर्चा हुई।

परिसर के कॉमर्स विभाग में आयोजित इस कार्यक्रम में डायरेक्टर विजिटिंग प्रोफे सर ललित तिवारी ने 14 अगस्त को आयोजित क्राफ्ट मेला के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए । प्रो. तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि बदलते वक्त में हुनर सबसे बड़ी काबिलियत है, कहा कि शुक्रवार (आज) को सेल द्वारा बिजनेस प्रपोजल का प्रेजेंटेशन होगा । कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि वर्मा ने किया तथा पैनल चर्चा में प्रो.ज्योति जोशी, प्रो.आशीष तिवारी निदेशक, प्रो.गीता तिवारी, डॉ. लज्जा भट्ट, डॉ. हरिप्रिया पाठक, डॉ. विजय कुमार, डॉ. अनिता, डॉ. नवीन पांडे, डॉ. इकराम तथा जीत सिंह मान, आरिफ ,शाहबाज, चिरांगी तथा हर्षित कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे ।



## News कॉर्नर

### ऑनलाइन मैकेनिक ढूंढना भारी पड़ा, हुई ठगी

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति को टीवी ठीक करने के लिए ऑनलाइन मैकेनिक ढूंढना भारी पड़ गया। व्यक्ति के खाते से जब रकम उड़ गई तो उसको ठगी का अहसास हुआ। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी मोहम्मद आसिफ का टीवी एक सप्ताह पूर्व खराब हो गया। उसने टीवी ठीक करने के लिए ऑनलाइन टोलफ्री नम्बर की जांच की। इंटरनेट में मिले एक लिंक पर जाकर उसने जानकारी जाननी चाही। इस दौरान उसके नम्बर पर एक अज्ञात व्यक्ति का काल आया। उक्त व्यक्ति ने खुद को टीवी मैकेनिक बताते हुए उससे जानकारी मांगी। जानकारी के बाद उसने सर्विस बुक करने के लिए पांच रुपये ऑनलाइन सेंड करने को कहा।

### चेहल्लुम की तैयारियों को लेकर चर्चा

**नैनीताल।** मोहर्रम कमेटी की बैठक गुरुवार को शान अहमद की सदारत में बाद नमाजे मगरिब में रजा क्लब में हुई। बैठक में यादें हुसैन (चेहल्लुम) की तैयारियों को लेकर चर्चा की गयी। तय किया गया कि चेहल्लुम 25 अगस्त (रविवार) को मनाया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि चेहल्लुम के मौके पर ताजियों का जुलूस रॉयल होटल से अपराह्न एक बजे शुरू होगा जहां से ताजिए इकठ्ठा होकर जुलूस निकाला जाएगा जो कि इंद्रा मार्केट से होते हुए बेकरी कंपाउंड से इमामबाड़ा रजा क्लब पहुंचेगा, जहां से जोहर की नमाज के बाद ताजिए फ तह निशान, अखाड़ा व ढोल ताशो के साथ निकलेगा जो कि जय लाल साह बाजार, बीच का बाजार, खड़ी बाजार, गाड़ी पड़ाव, कोतवाली से वापस गाड़ी पड़ाव, शारद संघ, पुराना घोड़ा स्टैंड, गोलघर, बड़ा बाजार, इंद्रा मार्केट, रॉयल होटल, नैनीताल क्लब, चीना बाबा मंदिर, हाईकोर्ट तथा मनु महारानी होटल होते हुए देरात सूखाताल स्थित करबला में संपन होगा ।

# स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने व सिडकुल की जांच को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**भीमताल/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



बेरोजगार संघ अध्यक्ष पूरन चंद्र बृजवासी ने मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा था जिसमेंसिडकुल की जाँच, रोजगार खोलने एवं स्थानीय लोगों को 70 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराने की मांग रखी थी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे द्वारा पत्र पर जवाब मिला कि बेरोजगार संघ द्वारा ज्ञापन को मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार तक भिजवाने के लिए जिलाधिकारी को मांग पत्र सहित माँग प्रेषित की गई है। अध्यक्ष पूरन चंद्र बृजवासी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के समय से भीमताल विधानसभा व उसके आसपास के क्षेत्रों के पलायन को रोकने एवं लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार के द्वारा भीमताल औद्योगिक घाटी सिडकुल की नींव रखी गयी थी। उन्होंने कहा कि 80 से 90 के दशक में यहां पर औद्योगिक संस्थान विकास स्व. नारायण दत्त तिवारी द्वारा बसाये गये थे, भीमताल, ओखलकाण्डा, रामगढ़, धारी समेत अन्य क्षेत्रों के पलायन को रोकने के लिए और स्थानीय लोगों को घर समीप ही रोजगार देने के लिए इस सिडकुल का निर्माण किया गया था, जिसके चलते भीमताल औद्योगिक घाटी में धीरे-धीरे रोजगार एवं पर्यटन बढ़ने लगे और अनेक कंपनिया भीमताल सिडकुल में स्थापित हुई जिससे कई परिवारों के लिए रोजगार के द्वार खुले। बेरोजगार संघ अध्यक्ष बृजवासी ने कहा कि सन 2000 तक एक के बाद एक कंपनिया अपना प्रॉफिट कमाकर बंद होती गई और यहां से जाती रही। उत्तराखंड राज्य बनने के बाद सिडकुल विरान घाटी में तब्दील हो गया अब हाल ये है कि सिडकुल की कई एकड़ भूमि घनी झाड़ियों से ढक गयी पूर्व की मानी जानी कंपनीयों की बिल्डिंग आज खण्डर बन चुकी है से में जिस उदेश्य से भारत सरकार ने भीमताल सिडकुल का चयन किया उसका फल यहां के लोगों को नहीं मिल सका।

बीते 24 सालों में भीमताल विधानसभा व उसके आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को भीमताल सिडकुल छोड़कर अन्य राज्यों में तराई के सिडकुल में रोजगार के लिए धक्के खाने पर मजबूर होना पड़ा।

उन्होंने कहा कि वे स्वयं भीमताल सिडकुल में औद्योगिक इकाइयों को खुलवाने के लिए कई बार शासन-प्रशासन के कई मुख्य प्रतिनिधियों से माँग भी कर चुके हैं लेकिन इस ओर अब तक किसी के द्वारा कोई भी विशेष रुचि नहीं ली गई लेकिन पहाड़ के स्थानीय बेरोजगारों को पलायन न करना पड़े, इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन दिया गया है।

# काठगोदाम मल्ला ब्यूरा वार्ड में राहत कार्य शुरू, बारिश से आया मलवा हटाया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नगर निगम के काठगोदाम स्थित मल्ला ब्यूरा हीरागढ़ दिलीप सिंह वार्ड में आपदा से बचाव के लिए काम शुरू कर दिया गया है। इसके तहत वार्ड क्षेत्र के घरों के आसपास पहुंचे मलवे को हटाया जा रहा है।

साथ ही जहां से बरसाती पानी आ रहा है, उस स्थान को पाटा जा रहा है। स्थानीय निवासी कौशल जोशी समेत तमाम प्रभावितों ने राहत कार्य कराने पर जिलाधिकारी वंदना सिंह, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला का आभार जताया है। गौरतलब है कि वार्ड क्षेत्र में लंबे समय से जंगल की ओर से भारी बरसात में पानी के साथ ही मलवा आ रहा था। इससे क्षेत्र में आपदा जैसे हालात पैदा हो गये थे। पिछले दिनों स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी के समक्ष यह मामला उठाया था। इसके साथ ही दो दिन पहले नगर आयुक्त व निवर्तमान मेयर ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया था। इस क्रम में शुक्रवार से वार्ड क्षेत्र में राहत कार्य शुरू करते हुए घरों के पास पहुंचे मलवे को हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। इससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।



मल्ला ब्यूरा वार्ड में राहत कार्य में जुटे मजदूर।

**राहत**

● लंबे समय से परेशान वार्डवासियों ने ली राहत की सांस

# मोमिता बलात्कार एवं मर्डर केस को लेकर कैंडल मार्च

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कोलकाता में बलात्कार एवं मर्डर केस को लेकर देश में एवं उत्तराखंड में महिलाओं के के ऊपर हो रहे अत्याचारों के विरोध में बाइक रेंटल संगठन के द्वारा गुरुवार को कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान बाइक रेंटल अध्यक्ष संजय सिरोही एवं संगठन के पदाधिकारी द्वारा शासन से अनुरोध किया गया कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। अभी तक आरोपियों को सजा नहीं मिली है, क़ानून सख्त बनाने चाहिए, कब तक महिलाओं के ऊपर ऐसा अत्याचार और महिलाओं की निर्मम हत्या की जाएगी। इस दौरान महासचिव नितिन जाटव, ललित मोहन, यावर खान, पीयूष, सुशील कुमार, नितिन कुमार, सूरज, यासिर, इमरान, मोनू, महेंद्र खाती, बलवंत खाती, बब्लू, गोपाल, सनी, रोहित मिश्रा, कमल,तारिक खान मोहम्मद इमरान यासिर अहमद मोनिस हुसैन व अन्य बाइक चालकों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।




# युवती के आत्महत्या के विरोध में लोगों ने किया कोतवाली में प्रदर्शन



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मल्लीताल क्षेत्र में किराये में रह रही युवती के काशीपुर में आत्महत्या करने के मामले में हिंदूवादी संगठन के तमाम कार्यकर्ता दूसरे दिन गुरुवार को भी कोतवाली में धरना प्रदर्शन कर युवती के साथ रह रहे दूसरे समुदाय के युवक पर कार्रवाई की मांग की। इस बीच पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद किरायेदारों के सत्यापन व दस्तावेज पूरे नहीं होने पर भवन स्वामी के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की है।

बता दें कि नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में किराये में रहने वाली एक युवती ने काशीपुर स्थित अपने घर पर आत्महत्या कर ली थी। मामले को लव जिहाद बताते हुए बुधवार रात विश्व हिंदू परिषद व श्रीराम सेवा दल के तमाम कार्यकर्ताओं ने कोतवाली का घेराव किया था। जहां उन्होंने युवती के साथ भवन में रह रहे दूसरे समुदाय के युवक पर तमाम आरोप लगाते हुए तहरीर भी सौपी थी। कार्रवाई नहीं होने पर गुरुवार को भी तमाम कार्यकर्ता कोतवाली पहुंच गए जहां उन्होंने धरना प्रदर्शन कर संबंधित युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

काफी देर हंगामे के बाद कोतवाल हरपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता कर उन्हें शांत किया साथ ही युवती जिस भवन में रह रही थी वहां जांच पड़ताल की। मगर संबंधित युवक फ रार मिला। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि जांच में भवन स्वामी के पास दो किरायेदारों के ही सत्यापन मिले, साथ ही किसी भी किरायेदार की आईडी व अन्य दस्तावेज नहीं लिए गए थे। बताया कि अनियमितता पर भवन स्वामी दिलावर का पुलिस एक्ट के तहत 25 हजार का कोर्ट चालान किया गया है।

### अधिवक्ता ने लगाया मारपीट का आरोप

**हल्द्वानी।** चैम्बर में घुस एक महिला ने अपने साथ आए व्यक्ति के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला और उसके साथी को हिरासत में ले लिया है। पीड़ित ने दोनों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। देवला तल्ला कुंवर गौलापार निवासी राजन सिंह मेहरा पुत्र स्व. चंद्र सिह मेहरा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बीती शाम करीब सवा सात बजे की उसकी महिला क्लाइंट सत्यमबद्ध पत्नी सागर सिंह अपने साथ एक बदमाश किस्म के व्यक्ति को लेकर उसके चैम्बर में घुस गई और आते ही गाली गलौज शुरू कर दी।

# 27 को हड़ताल पर रहेंगे नैनीताल बैंक के कर्मचारी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल बैंक के कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले कई महीनों से आंदोलनरत हैं तथा आने वाली 27 तारीख को हड़ताल पर रहेंगे। नैनीताल बैंक के कर्मचारियों का आरोप है कि बैंक ऑफ बड़ौदा नैनीताल बैंक के बैंकिंग लाइसेंस को वर्ष 2017 से प्राइवेट हाथों में बेचने की कोशिश कर रहा है जिसके फलस्वरूप नैनीताल बैंक के कर्मचारी इस मामले को लोकसभा की याचिका समिति तक लेकर गए। अंशधारिता कम करने के लिए जिस डिजिटल वेंचर को सुरु किया गया था उसमें बैंक के लगभग 10करोड़ रुपए खर्च हुए थे। 16वीं लोकसभा की याचिका समिति की जांच में उक्त डिजिटल वेंचर में अनियमितताएं पाई गईए जिस कारण उसे बंद कर दिया गया तथा समिति ने वर्ष 2018 में नैनीताल बैंक के बैंक ऑफ़ बड़ौदा में विलय की संस्तुति दी थीए तथा वर्ष 2020 में 17वीं लोकसभा की याचिका समिति ने भी एक बार पुन: नैनीताल बैंक के बैंक ऑफ़ बड़ौदा में विलय हेतु वित्त मंत्रालय को आदेशित किया थाए परंतु अब तक उक्त संस्तुति पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है जिसे लेकर नैनीताल बैंक कर्मचारियों का एक प्रतिनिधि मंडल ने सांसद अनिल बलूनी के नेतृत्व में विगत जनवरी माह में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन से भी मुलाकात की थी। तब वित्त मंत्री ने चुनाव बाद इस पर कार्यवाही का आश्वासन दिया था। कर्मचारी संगठन के महासचिव प्रवीण साह ने बताया कि बैंक के कर्मचारियों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दास्त नहीं किया जाएगा। नैनीताल बैंक स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय गुप्ता ने कहा कि नैनीताल बैंक का विलय बैंक ऑफ बड़ौदा में किया जाना ही कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने का एकमात्र उपाय है वहीअधिकारी संगठन के महासचिव पीयूष पायल ने बताया कि कर्मचारियों की मुख्य मांगें क्रमशः नैनीताल बैंक को विनिवेश के नाम पर प्राइवेट हाथों में बेचना बंद करो, बैंक कर्मचारियों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करो, कर्मचारियों की सेवा शर्तों में एकतरफ ा बदलाव बंद करो, कर्मचारियों की सेवा शर्तों को सुरक्षित करो, याचिका समिति;लोक सभा की सिफ ारिश लागू करो, रिजर्व बैंक की सिफारिश लागू करो समेत कई मांगें शामिल हैं।

# छात्रों को संस्थान की 31 वर्षीय समृद्ध विरासत के बारे में बताया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



ग्राफिक एरा भीमताल के नए छात्रों को मिला ग्रुप अध्यक्ष प्रो. डॉ. कमल घनशाला का मार्गदर्शन मिला। इस दौरान छात्रों से भरे हॉल को संबोधित करते हुए प्रोफेसर डा. कमल घनशाला ने छात्रों को ग्राफिक एरा परिवार में स्वागत किया और संस्थान की 31 वर्षीय समृद्ध विरासत के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ग्राफिक एरा परिवार का हिस्सा बनकर छात्रों को उस प्रतिष्ठा का लाभ मिलता है जो संस्थान ने इन वर्षों में अर्जित की है और इसके विश्व भर में पूर्व छात्रों की उपस्थिति का भी लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि सपने देखना और उन्हें साकार करना आवश्यक है जिससे छात्रों और उनके परिवार की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। प्रोफेसर डॉ. कमल घनशाला ने कहा कि पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद छात्र नौकरी, उद्यमिता या उच्च शिक्षा के लिए विकल्प चुन सकते हैं और ग्राफिक एरा इन सभी के लिए अवसर और सुविधा प्रदान करता है। वर्तमान अवसरों जैसे स्टार्टअप और प्री प्लेसमेंट ऑफर्स का उल्लेख करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि ग्राफि क एरा छात्रों को इन अवसरों का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए सही मार्गदर्शन प्रदान करता है। कहा कि अच्छे कैरियर के लिए शैक्षणिक उपलब्धि पर्याप्त नहीं है और इसलिए विश्वविद्यालय सॉफ्ट. स्किल्स में प्रशिक्षण और कैम्पस में क्लबों, खेल आयोजनों, ग्राफेस्ट जैसे सांस्कृतिक महोत्सवों और एनसीसी में नामांकन के माध्यम से संपूर्ण व्यक्तित्व विकास का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने छात्रों को सपने देखने तथा उन्हें साकार करने और अपने माता-पिता को गौरवान्वित करने की याद दिलाई और कहा कि यह केवल मजबूत आत्म व अनुशासन के माध्यम से संभव है।